नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
भिलाई-दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक : नराकास/पत्रिका/2018/ 109 दिनांक : 22 मार्च- 2018

परिपत्र

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग की हिंदी गृह पत्रिका 'महानदी 2018 ' को " छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्यकार विशेषांक " के रूप में प्रकाशन हेतु मौलिक लेख/रचनाओं के आमंत्रण बाबत् ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों एवं नगर के सृजनशील रचनाकारों को प्रोत्साहित करने तथा संस्थानों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 'महानदी' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। पत्रिका का पूर्व अंक " छत्तीसगढ़ पर्यटन विशेषांक" के रूप में प्रकाशित हो चूका है, किंतु उसमें साहित्य एवं साहित्यकार अंश अछूता है। ऐसे में तारतम्यता को बनाये रखने तथा प्रदेश की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पत्रिका के आगामी अंक को " **छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्यकार विशेषांक**" के रूप में प्रकाशित किया जाना है, जिसके लिए हिंदी के क्षेत्र में अपने लेखनी के माध्यम से हिंदी को समृद्ध करने वाले साहित्यकारों के निम्नलिखित बिन्दुओं पर आलेख आमंत्रित है :-

(1) हिंदी साहित्यकार की जीवनी (2) हिंदी काव्यकार (3) हिंदी गद्यकार

(4) छत्तीसगढ़ की पौराणिक कथाओं पर हिंदी में लिखित आलेख

कृपया रचनाएँ निम्न बिन्दुओं को पूर्ण करते हुए भेजी जायें :-

- ❖ लेख/रचना फूलस्केप पेपर पर यूनिकोड में एक तरफ टंकित/टाईप होनी चाहिए। लेख/रचना की मूल प्रति ही भेजें। कार्बन कॉपी या फोटो कॉपी स्वीकार्य नहीं होगी। सुविधा के लिए आप आलेख ऑनलाइन या सी.डी. के माध्यम से भी भेज सकते हैं।
- ❖ आलेख चयन में संपादक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
- ❖ लेखक/रचनाकार का पूर्ण विवरण यथा- संस्थान का नाम, स्वयं का नाम, पदनाम, वैयक्तिक संख्या, अनुभाग/विभाग, दूरभाष संख्या का उल्लेख करते हुए, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र भी संलग्न करें।
- ❖ कृपया लेख/रचनाएँ दिनांक 28 अप्रैल-2018 तक निम्न पते पर अवश्य भेज दें :–
  वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,भिलाई-दुर्ग,राजभाषा विभाग,
  कक्ष क्रमांक 317, तीसरा तल, इस्पात भवन, भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई (छ.ग.)पिन 490001
- ❖ आप अपनी रचनाएँ हमें ई-मेल (bmtiwari@sail-bhilaisteel.com) पर भी भेज सकते हैं।
- ❖ इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आप दूरभाष क्रमांक 53766/54934 या 2227877 पर संपर्क कर सकते हैं।
- ❖ आप यह परिपत्र नराकास के वेबसाइट (www.narakasbhilai.in) पर भी देख सकते हैं।

22.03.18

(डॉ. बी.एम.तिवारी)
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं
सचिव, नराकास,भिलाई-दुर्ग

वितरण :

1) समिति के माननीय सदस्य संस्थान
2) संयंत्र के राजभाषा कार्यान्वयन समिति के माननीय सदस्य
3) संयंत्र के विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी
4) विभागीय सूचना पट्ट